हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 26.1 डिग्री

11 साइबर अपराधियों से बचने के लिए सतर्कता ...

12 धन और संसाधनों की कमी नहीं सफाई पर ...



# तेज आंधी और बारिश से तबाही, 50 से ज्यादा पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, आधा शहर अंधेरे में डूबा

## कई रास्ते अवरुद्ध, बिजली निगम में 350 से अधिक शिकायतें दर्ज, लोगों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे आई तेज आंधी और बारिश ने शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कहर बरपाया। आधे घंटे से भी कम समय में मौसम ने ऐसा रूप दिखाया कि पूरे इलाके की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई। आंधी के साथ हुई तेज बारिश से 50 से अधिक पेड़ और बिजली के खंभे जमींदोज हो गए। वहीं खेतों से होकर गुजरने वाली बिजली की लाइनें भी टूटकर गिर गईं, जिसके चलते कई गांवों और शहर के हिस्सों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। बारिश और आंधी की इस मार से सबसे ज्यादा असर बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ा। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से ज्यादा हिस्से में अंधेरा छा गया। अचानक बिजली कट जाने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली निगम में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से 350 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं। अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है, लेकिन भारी नुकसान के चलते बिजली बहाल करने में समय लगेगा। सिर्फ बिजली ही नहीं, बल्कि आंधी-बारिश ने यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित किया। कई जगह गिरे पेड़ों और बिजली के खंभों के कारण रास्ते अवरुद्ध हो गए। इससे लोगों के आवागमन में कठिनाई आई। कई ग्रामीण इलाकों में छोटे रास्ते पूरी तरह बंद हो गए, जिसके चलते लोगों को लंबा चक्कर काटकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

### सैनी कॉलेज रोड लबालब



### राजकीय महिला कॉलेज के पास रोड पर गिरा पेड़ और पोल





### शहर के मुख्य मार्गों पर जलभराव

शहर के प्रमुख मार्गों पर भी जलभराव ने वाहन चालकों को भारी परेशानियों में डाल दिया। बाबा मस्तनाथ रोड पर हालात सबसे ज्यादा खराब रहे। बारिश के पानी से सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो गई। छह से सात इंच तक गहरे गड्ढे होने के कारण स्थिति और भी विकट हो गई। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान रहे। कई जगहों पर उनके वाहन पानी में बंद हो गए, जिससे उन्हें घंटों तक धक्का लगाकर वाहनों को निकालना पड़ा।

### ग्रामीण क्षेत्र भी आए चपेट में

ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंधी और बारिश ने किसानों को परेशान कर दिया। खेतों से गुजरने वाली बिजली की लाइनें टूट जाने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था बाधित हो गई। वहीं गिरते पेड़ों से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। किसान संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली बहाली और पेड़ों को हटाने का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

### विभाग की तैयारी अधूरी

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को ऐसे हालात से निपटने के लिए पहले से तैयारी करनी चाहिए। हर साल बरसात के मौसम में शहर की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। इस बार भी स्थिति वैसी ही रही। लोगों ने आरोप लगाया कि न तो नालों की सफाई समय पर की गई और न ही सड़कों की मरम्मत। यही कारण रहा कि मामूली सी बारिश ने भी शहर को जलभराव की समस्या में धकेल दिया।

### हालातों पर लगातार नजर रखी जा रही

प्रशासन और बिजली निगम ने दावा किया है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। कर्मचारियों को प्रभावित क्षेत्रों में लगाया गया है और रातभर काम चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सोमवार तक ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली बहाल कर दी जाएगी और रास्तों को साफ करने के लिए पेड़ों को हटाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

### आंधी और बारिश ने व्यवस्था की खोली पोल

आंधी और बारिश की इस घटना ने एक बार फिर शहर की व्यवस्था की पोल खोल दी है। लोग जहां प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, वहीं मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी ऐसी स्थितियों की संभावना जताई है। ऐसे में प्रशासन और नागरिकों दोनों के लिए यह चुनौती है कि आने वाले समय में इस तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए पुख्ता कदम उठाए जाएं।



## खबर संक्षेप

### शिवाजी कॉलोनी में 27 से गणपति उत्सव

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी में इस बार का गणपति उत्सव विशेष रंगत और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। श्री बालाजी गणेश मंडल की ओर से आयोजित होने जा रहे 11वें गणपति उत्सव की शुरुआत 27 अगस्त को होगी। आयोजन समिति ने उत्सव की तैयारियां भूमि पूजन के साथ प्रारंभ की, जिसे विधि-विधान से संपन्न करवाया गया। महाराज योगी नाथ और पुजारी द्वारा किए गए इस पूजन में स्थानीय श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### छात्रा यक्षु ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की छात्रा यक्षु ने जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर अपनी सफलता का परचम लहराया। कैंपस स्कूल इंचार्ज वरिष्ठ शिक्षक विवेक कौशल ने बताया कि सातवीं कक्षा की छात्रा यक्षु ने राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंडर- 14 आयुवर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। यक्षु का चयन प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. सुनीता सैनी, शारीरिक शिक्षा अध्यापक मनोज हुड्डा और पवन कुमार ने इस उपलब्धि के लिए यक्षु को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यक्षु की इस सफलता ने कैंपस स्कूल और एमडीयू को गौरवान्वित किया है।



### जन सहभागिता से शहर को बनाया जाएगा सुंदर

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि जन सहभागिता से रोहतक को सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर बनाया जाएगा। उपायुक्त ने रविवार को शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा करके कचरा उठान कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्र में रोजाना इस प्रकार से औचक निरीक्षण किया जाएगा। सचिन गुप्ता ने कहा यद्यपि नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए कार्य किया जा रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन का भी पूरा सहयोग स्वच्छता में रहेगा।

### मदविः आज होगा अहम संवाद

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक उद्योग–शैक्षणिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ठोस पहल करने जा रहा है। इसी कड़ी में 25 अगस्त को शाम 5 बजे प्रमुख उद्योगपतियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का उद्देश्य विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के बीच सशक्त व स्थायी सहयोग ढांचे का निर्माण करना है ।

### जैविक खेती में केवल अन्न उत्पादन नहीं होता

**रोहतक।** कुदरती खेती अभियान द्वारा आयोजित हरियाणा के जैविक किसानों के वार्षिक सम्मलेन में बोलते हुए महाराष्ट्र के पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित जैविक किसान सुभाष शर्मा ने कहा कि सफ़ल जैविक किसान उच्च पौष्टिकता का अन्न ही उच्च मात्रा में नहीं उगाता अपितु मिट्टी, पानी और पर्यावरण का उत्पादन भी करता है।

## रेसलिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का दबदबा

### ग्रीको-रोमन वर्ग में 9 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रांची (झारखंड) में चल रही अंडर-23 सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में रविवार ग्रीको-रोमन वर्ग में हरियाणा के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपने दमखम का लोहा मनवाया। हरियाणा के पहलवानों ने कुल 10 वज़न वर्गों में से 9 में पदक जीतकर पूरे देश में राज्य का परचम लहराया।

रेसलिंग हरियाणा एसोसिएशन के प्रधान रमेश बोहर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा टीम ने तीनों स्टाइल में ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने सभी पहलवानों, कोचों और गुरुजनों को बधाई दी और कहा कि यह जीत हरियाणा की खेल संस्कृति और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है। ग्रीको-रोमन वर्ग में पदक जीतने वाले पहलवानों में 55 किलोग्राम में मनीष कुमार ने ब्रॉन्ज, 60 किलोग्राम में मोहित ने गोल्ड, 63 किलोग्राम में संदीप ने गोल्ड, 67 किलोग्राम में सतपाल ने ब्रॉन्ज, 72 किलोग्राम में अनिल ने सिल्वर, 77 किलोग्राम में अंकित ने सिल्वर, 82 किलोग्राम में उमेश ने सिल्वर, 87 किलोग्राम में सागर ने ब्रॉन्ज और 130 किलोग्राम में जोगिंदर ने गोल्ड मैडल जीता।

हरियाणा के पहलवानों के इस प्रदर्शन से राज्यभर में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि हरियाणा के युवा पहलवानों ने अपनी मेहनत और लगन से एक बार फिर साबित कर दिया है कि देश में कुश्ती का गढ़ हरियाणा ही है।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के गर्गी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. अपराजिता मोहंती ।

## जैव सूचना विज्ञान की उन्नत तकनीकों पर प्रकाश डाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा क्या जैव सूचना विज्ञान रोगजनकों से निपटने का एक संभावित समाधान है विषय पर एक प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के गर्गी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. अपराजिता मोहंती ने बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान दिया। प्रो. मोहंती ने अपने व्याख्यान में जैव सूचना विज्ञान की उन उन्नत तकनीकों पर प्रकाश डाला, जो आज के समय में रोगजनकों की पहचान, उनके जीनोमिक विश्लेषण और उपचार के नए मार्ग खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आधुनिक शोध में वैट लैब और ड्राई लैब के अनुसंधानकर्ताओं के बीच समन्वय आवश्यक है।

*पीटीडब्ल्यूए के प्रधान एवं सदस्यों ने शिक्षा मंत्री ढांडा के सामने उठाया मुद्दा*

## राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा समिति के विलय की मांग को लेकर मंत्री से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय बहुतकनीकी यूनियन (पीटीडब्ल्यूए) के प्रधान एवं सदस्यगण तकनीकी शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा समिति और राजकीय बहुतकनीकी के विलय के सन्दर्भ में मिले। राजकीय बहुतकनीकी यूनियन के प्रधान नरसिंह परमार ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा समिति और राजकीय बहुतकनीकी के विलय को लेकर दोनों यूनियनों द्वारा लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। इन दोनों के विलय में जो मुख्य अड़चन राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा समितियों के स्टाफ की जो प्रमोशन नियमों वा मापदंडों को ताक पर रखकर की जा रही है, उसे रोका जाए। उन्होंने मंत्री से मांग की कि प्रमोशन से पूर्व राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा समितियों का राजकीय बहुतकनीकी में विलय का काम पूरा किया जाए। उन्होंने बताया की बहुतकनीकी विलय का कार्य विभाग में पिछले आठ महीनों से लंबित पड़ा है जिस कारण से राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा समितियों के स्टाफ की ट्रांसफर रुकी हुई है और जो सरप्लस स्टाफ है, वो जरूरत अनुसार अन्य कॉलेज में नहीं जा सकता है। प्रधान ने बताया कि निदेशालय में भी दो विभाग अलग-अलग कैडर के बना रखे हैं, जिसमे एक है राजकीय बहुतकनीकी कैडर और राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा समिति कैडर, जिसके कारण अधिक स्टाफ की जरूरत पड़ती है।

### धान की सीधी बिजाई की प्रोत्साहन राशि लेने के लिए 2744 ने कराया था पंजीकरण, 1355 ही सही मिले

## 4500 रुपये के लिए 1389 किसानों की नीयत डोली कराया गलत रजिस्ट्रेशन, वेरीफिकेशन में खुलासा

- सरकार किसान को प्रति एकड़ देती है प्रोत्साहन राशि

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

सिंचाई के लिए पानी की बचत करने के लिए सरकार ने राज्य में धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देने का कई साल से निर्णय किया हुआ है। पिछले साल इंसेंटिव 4000 रुपये था। इस बार 4500 रुपये प्रति एकड़ दिए जाएंगे। ये राशि लेने के लिए जिले में इस बार 2744 किसानों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने पिछले दिनों इस पंजीकरण की फिजिकल वेरीफिकेशन की तो 1355 किसान ही ऐसे थे, जिन्होंने धान की सीधी बिजाई की हुई थी। जबकि 1389 ने सीधी बिजाई नहीं की थी। लेकिन 4500 रुपये प्रति एकड़ का प्रोत्साहन लेने के लिए किसानों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा दिया। बताया रहा है कि 2744 किसानों ने 12407 एकड़ में सीधी बिजाई करने का दावा किया था। लेकिन फिजिकल वेरीफिकेशन के बाद खुलासा हुआ है कि 1355 किसानों की 3922 एकड़ में धान की सीधी बिजाई पाई गई है।



### अभी और मिलान भी होगा

1355 किसानों को प्रोत्साहन की राशि सरकार तभी देगी, जब राजस्व विभाग भी ये पुष्टि करेगा कि इन्होंने धान की सीधी बिजाई की है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और राजस्व विभाग का डाटा मैच होने के बाद ही किसानों के खातों में प्रोत्साहन की राशि सरकार जमा करवाएगी। हरियाणा सरकार पानी और लागत बचाने वाली धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) तकनीक को बढ़ावा दे रही है। और इसके तहत किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ वित्तीय सहायता दे रही है। इस योजना के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण किया जाता है। स्कीम रोहतक समेत 12 धान उत्पादक जिलों में लागू है।

### 30 से 35 प्रतिशत पानी की बचत

गलत रजिस्ट्रेशन कराकर सरकार से प्रोत्साहन राशि लेने का प्रयास किसान हर साल करते हैं। लेकिन हर बार पकड़ में आ जाते हैं। जैसा की सरकार दावा करती है कि धान की सीधी बिजाई से लगभग 30 से 35% पानी की बचत होती है, जो पारंपरिक रोपाई विधि की तुलना में काफी कम है। यह विधि न केवल पानी बचाती है, बल्कि श्रम और डीजल-बिजली की भी बचत करती है, जिससे किसानों को लागत कम करने और आय बढ़ाने में मदद मिलती है। धान की रोपाई वाली खेती में, रोपाई के समय खेत में 3-5 सेंटीमीटर पानी भरना होता है और अगले 15-20 दिनों तक उस पानी को बनाए रखना होता है, जो बहुत अधिक पानी की खपत करता है।

### भू-जल स्तर हो रहा है कम

हरियाणा में भू जल स्तर कम हो रहा है। इसकी वजह अत्यधिक निकासी, अनियमित और अंधाधुंध निर्माण, सिंचाई के लिए भूजल का बढ़ता प्रयोग आदि शामिल है। कृषि में खासकर धान की खेती में कम से कम पानी का प्रयोग किसान करें, इसके लिए कुछ साल से सरकार ने धान की सीधी बिजाई कराने का निर्णय लिया था। प्रदेश में भले ही भूजल स्तर कम हो रहा है। लेकिन रोहतक जिले में स्थिति इसके ठीक विपरित है। यहां जलस्तर हर साल बढ़ रहा है। हालात ये हैं कि खेती को लाले पड़े हुए हैं। थोड़ी सी ज्यादा बरसात होते ही धान फसल तक तबाह हो जाती है। ऐसे में दूसरी फसलें कैसे बचेंगी। क्योंकि धान पानी में ही पैदा होता है।



## महम: भाजपा की कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को दिए संगठन की मजबूती के मंत्र

**महम।** भारतीय जनता पार्टी की महम मंडल इकाई द्वारा काठमंडी स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में महम मंडल के कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान भाजपा नेता अजीत अहलावत और दिनेश शास्त्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि जैसा संगठन भाजपा का है, ऐसा संगठन किसी भी राजनैतिक दल का पूरे विश्व में नहीं है। संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाना जरूरी है, क्योंकि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो योग्यता के हिसाब से युवाओं को रोजगार दे रही है और जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### भाजपा का मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ाया है। दिनेश शास्त्री ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब व्यक्ति के हित के लिए काम करती है। बीजेपी का मूलमंत्र सबका साथ सबका विकास है। इसी मूलमंत्र को जनता के बीच लेकर जाना है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित जांगड़ा, वजीर सैनी, रेखा रोहिल्ला, अग्रेजों देवी, पार्षद मीना बाल्मीकि, नगर पालिका उपाध्यक्ष बसंत लाल गिरधर, सुखबीर गोयत, दयानंद नैन, जोगिंद्र गिरोत्रा, राकेश शर्मा, राजेश अहलावत, सुंदर जांगड़ा, वेद प्रकाश धवन, मोहित सढाना व अशोक राठी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## खोखरा कोट

रोहतक शहर के मध्य बसे खोखरा कोट का इतिहास शताब्दियों पुराना है। खुदाई के दौरान यहां से 350 ई. पूर्व के प्राचीन अवशेष भी प्राप्त हुए हैं। इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए पुरातत्व विभाग ने इसे अपने अधीन ले रखा है। इतिहासकार बताते हैं कि योधेयों के नगर रहे खोखरा कोट में राजप्रणाली प्रजातंत्र की होती थी। इसका अंतिम शासक खोखर गोत्र का व्यक्ति था, जिसकी वजह से इसका नाम खोखरा कोट पड़ा। कोट का अर्थ किला होता है।

# सांग पुरोधाओं में शुमार रहे निहालचंद 'निहाल'

**भावपक्ष व शिल्पपक्ष की दृष्टि से निहालचंद 'निहाल' का काव्य बेजोड़ है। भारतीय संस्कृति के उदात्त जीवन मूल्य, अध्यात्म, गुरुभक्ति, समाज-सुधार, नीति, नारी-सम्मान, देशभक्ति, युगबोध का चित्रण पग-पग पर अवलोकनीय रहा है।**

कला-संस्कृति

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

साहित्य समाज का दर्पण होता है और लोक-साहित्य लोकजीवन का दर्पण होता है। लोकजीवन में जो कुछ घटित होता है उसका पूरा ब्यौरा लोक-साहित्य में समाहित रहता है। लोक-साहित्य की अनेक विधाएं हैं, जैसे



लोकगीत, लोककथाएं, लोकगाथाएं एवं लोकनाट्य आदि। पर लोकनाट्य अर्थात सांग सभी कलाओं का समुच्चय है।

इसमें गीत, संगीत, कथा, नृत्य आदि सब कुछ समाहित रहता है इसलिए लोकजीवन में सबसे ज्यादा प्रभाव लोकनाट्य का पड़ता है। हरियाणा का सांग साहित्य कभी से बड़ा प्रसिद्ध रहा है। यहां पर अनेक महान सांगी हुए हैं, जिन्होंने इस कला को पोषित करने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इन्हीं में से एक थे सांग-पुरोधा निहालचंद 'निहाल'। निहालचंद 'निहाल' की गणना अपने समय के महान सांगियों में होती है। इनका जन्म 21 अक्टूबर, 1887 को गांव नांगल ठाकरान में एक गौड़ ब्राह्मण किसान परिवार में हुआ। सांग के क्षेत्र में इनका ऐतिहासिक बहुमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इन्होंने हरिश्चंद्र, राजा उत्तानपाद, नल-दमयंती, सत्यवान-सावित्री, भगत पूर्णमल, चाप सिंह, रामलीला, कृष्णलीला, महाभारत, राजाभोज-शरणदे, सरवर-नीर, चंदकिरण, ज्यानी चोर, जमाल-गबरू, गोपीचंद तथा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप आदि सांगों तथा अनेक मुक्तक भजनों की रचना की।

काव्य के भावपक्ष व शिल्पपक्ष की दृष्टि से इनका काव्य बेजोड़ है। भारतीय संस्कृति के उदात्त जीवन मूल्य, अध्यात्म, गुरुभक्ति, समाज-सुधार, नीति, नारी-सम्मान, देशभक्ति, युगबोध का चित्रण पग-पग पर अवलोकनीय है। हरियाणा समेत समस्त उत्तर भारत में इनके सांग होते थे। उस समय इनके सांगों की हर जगह धूम मची हुई थी और बाल व वृद्ध सभी बड़े चाव से इनके सांगों को देखते थे।

निहालचंद 'निहाल' ने अपनी खुली आंखों से लोकजीवन को देखा, जीया, जांचा और परखा तथा अपने अनुभव के आधार पर उन्होंने अपने सांगों में लोक संस्कृति का प्रभावात्मक चित्रण किया जिसकी चहुंदिशा में प्रशंसा हुई। यही नहीं हरियाणा के सूर्यकवि पं. लखमीचंद जैसे लोकनाट्य कला के महारथी ने भी उनके पास रहकर सांगकला की बारीकियों को सीखा। इसका उल्लेख हिंदू विश्वकोश कोलंबिया (यू.एस.ए) में हुआ है। ऐसे महान कलाकार के लोक साहित्य के लिए किए गए योगदान को यहां प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

निहालचंद 'निहाल' का समय स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए बड़े संघर्ष का समय था। सभी भारतीय अपने-अपने तरीके से स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु प्रयास कर रहे थे। निहालचंद 'निहाल' भी अपने सांगों के माध्यम से अनेक अमर बलिदानियों के उदाहरण देकर लोगों को आजादी की लड़ाई में शामिल होने के लिए और स्वदेशी सामान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते रहते थे। उन्होंने देशभक्ति की काफी



रचनाएं की और देश की आन, बान और शान पर मिटने वाले 'महाराणा प्रताप' का देशभक्ति प्रेरक सांग बनाया और अभिनीत किया। अपने भजनों में अंग्रेजों की खिलाफत की, जिसके कारण इन्हें, उनके क्रोध का भाजन भी बनना पड़ा। कई बार ऐसा न करने की चेतावनी मिली। उसके बाद गिरफ्तार भी कर लिए गए। इनकी देशभक्ति की रागनियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई। दर्शनीय है इनकी यह रचना-

*भाइयो हो ज्याओ सब त्यार,*
*देश माँगता कुर्बानी ।।*
*सिर पै कफन बांध ल्यो सारे।*
*इंकलाब के लाओ नारे।*
*गोर्यां नै घणे जुल्म गुजारे।*
*मारे बहोत घणे नर-नार,*
*होगे अमर बलिदानी ॥*

निहालचंद 'निहाल' के सांगों में न्यूनाधिक मात्रा में सभी दर्शनों का उल्लेख हुआ है। साक्ष्यार्थ उनकी एक रचना प्रस्तुत है; जिसमें सत, रज, तम की त्रिगुणी माया, पंच भूत, दस इंद्रियों, पच्चीस प्रकृति आदि का वर्णन है-

*उस निराकार परब्रह्म की छाया मिल गई।*
*पाँच तत्त्व जिनमैं त्रिगुणी माया मिल गई।*
*शहंशाह बण्या तू रय्यत राया मिल गई।*
*राजधानी सुन्दर नगरी काया मिल गई।*
*हाड माँस मज्जा रक्त और चाम-चाम-चाम ।।*
*मानज्या भजै नै मन राम - राम - राम ।।*

मनुस्मृति में वर्णाश्रम व्यवस्था का पूर्ण उल्लेख

**दादी सती मंदिर और दादा मालदेव मंदिर नांगल ठाकरान में लगाए गए बरगद के विशाल वृक्ष उनके प्रकृति प्रेम के साक्षी हैं तथा लोगों के जेहन में अब भी उनकी स्मृति को ताजा करते रहते हैं।**

हुआ है। निहालचंद 'निहाल' ने अपने एक भजन के माध्यम से हमारी प्राचीन सामाजिक व्यवस्था को इस प्रकार प्रस्तुत किया है-

*ब्राह्मण के छः कर्म वेद का पढ़णा और पढ़ाणा था।*
*वेदशास्त्र मनु - स्मृति गीता ज्ञान सुणाणा था।*
*दान का देणा खुद भी लेणा यज्ञ करणा, करवाणा था।*
*थी ब्रह्म की पहचान शील संतोष दयालु बाणा था।*

पतिव्रत-धर्म नारी की उत्कृष्टता का सर्वश्रेष्ठ प्रतिमान है। निहालचंद 'निहाल' ने भारतीय संस्कृति के इस जाज्वल्यमान पक्ष को पतिव्रता द्रौपदी के माध्यम से उजागर किया है-

*सुणै कथा भागवत ग्रहस्थ धर्म सीखै और हमें सिखावै।*
*आशा, तृष्णा, दुबधा, दुर्मति की नहीं तरफ लखावै।*
*नित अमृत भर्या रहै जिव्हा मैं चाखै और चखावै।*
*रवि, मंगल, पून्नम, एकादशी का राखै व्रत रखावै।*
*गऊ ब्राहाण साधू नै जिमा अँजल करै ब्रतीबासी ।।*

हमारे लोकजीवन में आचरणीय और माचरणीय बातों की एक लम्बी शृंखला है। सज्जन लोग सदाचार की राह पर चलते हैं और दुष्ट सदा इसके विपरीत। अतः हमारी रीतिनीति को निहालचंद 'निहाल' ने इस प्रकार विवेचित किया है-

*बेमतलब बेकाम जीत और हार नहीं करणी चाहिए।*
*सुण कायदे से बाहर नार की सार नहीं करणी चाहिए।*
*धाय वैद्य रसोइया मित्र से तकरार नहीं करणी चाहिए।*
*दस पाँच आदमी मना करैं वा कार नहीं करणी चाहिए।*

भारतीय संस्कृति में मानवीय मूल्यों का बड़ा महत्त्व है। इसी सिद्धांत को अपनाते हुए निहालचंद 'निहाल' ने भारतीय संस्कृति में अनुस्यूत नैतिक मूल्यों की स्थापना की है। प्रमाण स्वरूप उनकी यह रागनी देखिए-

*धीरज धर समय पड़ी मैं रै ।।*
*कड़वा बोलै विष घुलज्या।*
*आगै भली बुरी सब खुलज्या।*
*तुलज्या सत्त धर्म धड़ी मैं रै ।।*

एक माँ के हृदय में अपनी संतान के प्रति अगाध वात्सल्य होता है। उसकी झलक निहालचंद 'निहाल' की इस रागनी में मिलती है। इसलिए बेटे के मरने का दुख व उस असहनीय स्थिति को उन्होंने निम्नलिखित रचना में इस प्रकार दर्शाया-

*बेटा तेरे बिन रोहतास, रही ना तेरी माँ किसे दीन की, मरूँ कित टक्कर मारकै ।।*

निहालचंद 'निहाल' के काव्य का भाव-पक्ष तो सबल था ही, उनका अभिव्यक्ति पक्ष एवं काव्य-सौंदर्य पक्ष भी दर्शनीय था। महारानी सुदेष्णा, सैरन्ध्री (द्रौपदी) के सौंदर्य की समता कभी ब्रह्माणी (सरस्वती), इन्द्राणी, लक्ष्मी, पार्वती और अग्नि की पत्नी स्वाहा से करती है, तो कभी उसे देवलोक की अप्सरा बताती है और उसके आंगिक सौन्दर्य को इस प्रकार उद्घाटित करती है-

*तेरा नाक सुआ-सा मुँह बटवा-सा सुर्ख लबों पै लाली।*
*मिजगां के तीर अबरू कमान, दो जुल्फ नाग-सी काली।*
*तेरी तिरछी नजर प्रेम की चितवन, वार नहीं जा खाली।*
*कहै निहालचंद उस बेमाता नै तू घड़ी बैठ कै ठाली।*
*सुण कोयलबैनी मृगनैनी, तेरै घली कुदरती स्याही ।।*
*इस दुनिया मैं इतनी सुथरी कोन्या और लुगाई ।।*

कीचक और सैरन्ध्री के संवादों में तो संयोग-शृंगार मानो जीवन्त ही हो उठा है। कीचक का सैरन्ध्री को रति-रण के लिए आमंत्रण में तो मानो शृंगार रस का सोता ही फूट पड़ा है। देखिए-

*वो बाजीगर खेल रचावै, काम रति का मेळ मिलावै,*
*सैरन्ध्री म्हारै कद-कद आवै, दुख-सुख बुझूँ दारू पिलाकै।*
*सुकड़ रही सर्दी की मारी, काया खुलज्यागी गर्माकै ।।*
*बिछ रहे पिलंग निवारी सोइये, उठकै मुख साबुण से धोइये,*
*बाळ-बाळ मैं मोती पिरोइये, गूँथ लिए सिर चोटी न्हाकै।*
*लाइये तेल फुलेल शरीर मखमल सा हो ज्यागा नरमा कै ।।*

करुण रस के छिटपुट प्रसंग तो इनके सभी सांगों में समाहित हैं, किन्तु महाभारत एवं विराट पर्व में इस रस का मार्काखेज वर्णन है। कीचक वध के उपरांत उसके भाई द्रौपदी को कीचक की अर्थी के साथ जीवित ही कीचक की चिता में झोंक देने की ठान लेते हैं। ऐसी हृदय विदारक स्थिति में असहाय द्रौपदी भगवान को टेरने के अतिरिक्त और कर भी क्या सकती है। निहालचंद 'निहाल' की अग्रदत्त रागनी में मानो करुण रस साकार हो उठा है-

*बड़ी जोर से दान्ने चले, शमशान भूमि आ गई।*
*सती रुदन कर हारी बिचारी, फूल ज्यूँ कुम्हला गई ।।*
*बुलबुल फंसी है जाल मैं, नहीं बस चलै अब क्या करूँ।*
*रस्ता बता परमात्मा, मेरी आत्मा दुख पा गई ।।*
*कहैं निहालचन्द करता तू ही, मारै तू ही मरता तू ही।*
*अद्भुत प्रभु लीला तेरी, बुद्धि मेरी चकरा गई ।।*

जीवन के अंतिम पड़ाव पर ये लोककल्याण एवं भक्तिभावना में लीन हो गए। इन्होंने जगह-जगह पीपल एवं बरगद के पेड़ लगाए तथा प्रतिदिन लोगों को गीता, महाभारत रामायण एवं पौराणिक कथाएं सुनाने लगे। सांग-पुरोधा निहालचंद 'निहाल' 24 फरवरी 1995 को अपने परिवार को भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश सुनाते-सुनाते ब्रह्मलीन हो गए।

उनके कर-कमलों से दादी सती मंदिर व दादा मालदेव मंदिर नांगल ठाकरान में लगाए गए बरगद के विशाल वृक्ष उनके प्रकृति प्रेम के साक्षी हैं तथा लोगों के जेहन में अब भी उनकी स्मृति को ताजा करते रहते हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सांग की जिस ज्योति को निहालचंद 'निहाल' से पूर्व सांगियों ने प्रज्ज्वलित किया था, निहालचंद 'निहाल' ने उसमें अपनी साहित्य एवं काव्य साधना का घृत डालकर उस ज्योति को प्रकाशमान रखने का पूर्ण एवं सफल प्रयास किया है।

---

कविता | डॉ. फूल कुमार राठी



## कुत्यां की पंचायत

झबरू बोल्या माणस जात नै, कर दिये घाव कसूते,
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।

अलग होण तैं पहल्यां थमनै, बात ज्ञान की कह ज्यांगे,
हम तो दूर चले जांगे, पर कुत्ते फेर भी रह ज्यांगे।
ईश्वर थारा भला करैगा, बसो-घसो सुख मौज तैं,
म्हारै साथ किसी ए बण लियो, सारी हँस के सह ल्यांगे।
जै म्हारी कोए ग़लती हो तो, बेशक मारो जूते।
करण फ़ैसला बैठ गए मिल कै, दिल्ली के कुत्ते।

न्यारी करल्यो फैमिली आई.डी, न्यारे राशन कार्ड हों,
अलग हो सीमा, अलग बसासत, अलग गांव और वार्ड हों।
सारी सुविधा वो ल्यांगे, जो माणस जात नै मिलरी सैं,
जो म्हारे नेता और मंत्री, उनके भी बॉडी गार्ड हों।
इबी भी ना जागांगे तो, रह जावांगे सुत्ते।
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।

अलग करो हदबस्त हमारी, खेवट तक भी न्यारी हों,
हम भी करल्यां पेट गुजारा, बोवण नै कुछ क्यारी हों।
माणस, छाणस नहीं काम के, इनकी पैड़ चालियो ना,
अपनी पंचायत के अंदर, सारी बात ब्यौहारी हों।
भोत रह लिए इनकै भरोसै, इब अपणै बलबूते,
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।

---

कविता | महेन्द्र सिंह बिलोटिया



## जंग की उमंग

आज अचानक त्यारी करली मां के जाये बीर तनै
छुट्टी छौड़ अधूरी बहना जाणा सै कश्मीर मनै

छुट्टी छौड़ अधूरी भाई आज क्यूकर होग्या जाणा
सीओ साहब की चिट्ठी आई चाहिए फर्ज निभाणा
इस चिट्ठी में के लिख राख्या चाहिए भेद बताणा
कारगिल में दुश्मन आकै करण लगा धिंगताणा
देश की रक्षा करणी सै या लिखा ल ई तकदीर तनै
देश कै उपर अर्पित करणी तन मन की जागीर मनै

देश की रक्षा करणी चाहिए बता कौण तनै नाटै सै
ताक़त शस्त्र दुश्मन आगै बिरला ऐ दिल डाटै सै
कायर और निडर नै भाई या रणभूमि छाटै सै
हे रण मैं चढज्या खून उबलले जब बेरा पाटै सै
दुनिया म्हा तै दुश्मन का ठाणा सांझा शीर तनै
तेरे बोला का मेरी छाती मैं गाड़ लिया तीर मनै

मां का दूध लजाइये मतना जब तनै जाणु मैं
कायर भाजै पिठ दिखाकै रण में छाती ताणु मैं
मेरे मन की चाही पुरी करदे याहे बात बखाणु मैं
गेरु गोले ओले सोले हे बणज्यागा परमाणु मैं
या सारी दुनिया जाणै सै भारत के रणधीर तनै
सदा तिरंगा सजा रहे या लौह की समझ लकीर मनै

केसर क्यारी कश्मीर हमारी दुश्मन के चाहवै सै
वो धोखा देकै आ बैठा के धोखे तै थावै सै
जल्दी करकै जा भाई क्यू सहम वार लावैसै
यो महेंद्र सिंह बिलोटे आला सिर बिस्तर ठावै सै
जाते जाते अपने हाथा देऊ पिला नीर तनै
जीत लड़ाई तेरे हाथा का खाणा हलवा खीर मनै

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

1857 का संग्राम

## अंग्रेजों ने कर्नल हड़सन के नेतृत्व में एक सेना दिल्ली से 14 अगस्त 1857 को रोहतक के लिए की थी रवाना

# रोहतक के किले में लगाया था रांघड़ों ने मोर्चा



इतिहास | यशपाल गुलिया

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम मई 1857 में आरम्भ हुआ था, तब स्वतंत्रता सेनानियों ने दिल्ली को अंग्रेजों से मुक्त करवा लिया था, जो केवल चार मास तक ही कायम रहा। अंग्रेजों ने दिल्ली पर फिर से अधिकार करने के लिए पंजाब के देशी शासकों से सैन्य सहायता प्राप्त की तथा दिल्ली के बाहर बाड़ा हिन्दुराव के स्थान पर पड़ाव लगा लिया था।

दरअसल, दिल्ली की चारदीवारी के अन्दर सेनानियों का कब्जा था जिन्होंने उस अंग्रेज सेना से बाहर निकलकर अनेक बार युद्ध किए थे। उस अंग्रेज सेना को पीछे से आक्रमण का भय बना रहता था, जिसके लिए उन्होंने नजफगढ, खरखौदा तथा रोहतक तक सेनानियों से युद्ध करने पड़े थे। तब तक रोहतक का किला भी बेहतर अवस्था में था। उसी किले में आस-पास के रांघड़ों ने मोर्चा लगा लिया था। उल्लेखनीय है कि अंग्रेजों की प्रथम पंजाब कवैलरी केवल रोहतक के आसपास रांघड़ों द्वारा गठित थी। यह 1857 में मऊ में तैनात थी तथा वे सभी बगावत करके अपने हथियारों सहित रोहतक व खरखौदा आदि क्षेत्रों में संगठित हो गए थे। खरखौदा में विसारत में अली नामक रांघड़ तथा रोहतक में बबर खां नामक व्यक्ति ने युद्ध सामग्री के साथ-साथ नेतृत्व का निर्णय ले लिया। दिल्ली की रिज पर स्थित अंग्रेजों को जब रांघड़ों की तैयारियों का पता लगा तो उन्होंने कर्नल हड़सन के नेतृत्व में एक सेना रोहतक के लिए भेज दी। उस सेना में केवल अधिकारी अंग्रेज थे, जैसे मैकडोवल, लेफ्टिनेंट वाईज, कैप्टन वार्ड व लेफ्टिनेंट हफ गफ आदि। जबकि सैनिक भारतीय देशी शासकों द्वारा भेजे हुए थे।

इस प्रकार आदेशानुसार हड़सन ने दिल्ली से 14 अगस्त 1857 को रोहतक के लिए प्रस्थान किया। लेकिन 15 अगस्त को अंग्रेज सेना का



रोहतक के किले का वासतविक चित्र जोकि 1870 में एक अंग्रेज द्वारा लिया गया था।

प्रस्थान खरखौदा में ही हो गया। विसारत अली के नेतृत्व में आस-पास के हसनगढ़ आदि के रांघडों ने हड़सन की सेना पर भीषण प्रहार किए लेकिन हथियार आदि के अभाव में खरखौदा के युद्ध में सेनानियों की पराजय हुई और अंग्रेज सेना 16 अगस्त को रोहतक को कुच कर गई। वहां जाकर हड़सन की सेना ने पुरानी कचहरी वाले स्थान पर पड़ाव लगा लिया। जबकि बबर खां के नेतृत्व में इकट्ठे हुए रांघड़ व पठानों ने किले में मोर्चा लगा रखा था। इनमें बागी सैनिकों के अतिरिक्त सिविलियन भी शामिल थे। एक अंग्रेज लेखक के अनुसार रोहतक में 300 घुड़सवार तथा 700 बन्दूकधारी इकट्ठे हो गए थे। अंग्रेज कमान्डर हड़सन ने सेनानियों की तैयारी देखकर 18 अगस्त को पीछे हटने का दम्भ भर दिया। इसके बाद किले से बाहर निकलकर सेनानियों ने अंग्रेज सेना पर आक्रमण कर दिया। लेकिन छलावे की रणनीति के कारण हड़सन की सेना ने रोहतक वालों को दो तरफ से घेर लिया और कुछ समय तक 18 अगस्त को भीषण युद्ध हुआ। इसमें सेनानियों को भारी हानि के बाद पराजय का मुंह देखना पड़ा। परन्तु रोहतक के किले पर कुछ बन्दूक धारियों की उपस्थिति के कारण वहां पर अंग्रेजों का कब्जा नहीं हो सका। अंग्रेज सेना जसीया गांव की तरफ से सोनीपत की ओर कूच कर गई। यहां उल्लेखनीय है कि झज्जर व दुजाना के नवाबों ने तब कोई भूमिका अदा नहीं की और ना ही रांघडों व पठानों की किसी अन्य समुदाय ने सहायता की थी।

**छलावे की रणनीति के कारण हड़सन की सेना ने रोहतक वालों को दो तरफ से घेर लिया और कुछ समय तक 18 अगस्त को भीषण युद्ध हुआ। इसमें सेनानियों को भारी हानि के बाद पराजय का मुंह देखना पड़ा। परन्तु रोहतक के किले पर कुछ बन्दूक धारियों की उपस्थिति के कारण वहां पर अंग्रेजों का कब्जा नहीं हो सका।**

आश्चर्य की बात ये है कि 1857 के ऐसे भीषण युद्धों का पाठय पुस्तकों में भी वर्णन नहीं किया गया। जबकि खरखौदा के युद्ध में तो चार्ल्स गफ नामक अंग्रेज को विक्टोरिया क्रॉस पदक भी मिला था।

---

# संस्कृति को जीवंत करने का माध्यम है हास्य कला : आजाद दूहन

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणवी संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने के लिए लोक कलाकारों ने अपनी अलग-अलग विधाओं में समाज को भी नई दिशा दी है। ऐसे ही कलाकारों में हास्य कलाकार आजाद दूहन हरियाणवी संस्कृति का संवर्धन करने में जुटे हुए हैं। हरियाणवी चुटकुला सम्राट के रूप में अपनी पहचान बना चुके रेडियो कलाकार आजाद सिंह दूहन ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर करते हुए कहा कि किसी भी विधा में कला के माध्यम से समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता तथा परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश देना संभव है।

लोक कलाकार आजाद सिंह दूहन का जन्म 2 अक्टूबर 1972 को हिसार जिले के गांव बनभौरी में एक किसान परिवार में श्रीचंद और रोशनी देवी के घर में हुआ। ग्रामीण पृष्ठभूमि में गांव में पले-बढ़े आजाद के परिवार में उनके दादा खेती करते थे और पिताजी श्रीचन्द्र मुख्य अध्यापक से सेवानिवृत्त हुए, जो अब परिवार में खेती बाड़ी करते आ रहे है। भले ही उनके परिवार में कोई साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल नहीं था, लेकिन उनके दादा जी बचपन में उन्हें कहानियां सुनाते थे और उनसे भी कविताएं सुनते थे। घर में उनकी माता एक कुशल गृहणी रही हैं। इसलिए उनकी बचपन से ही संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति अभिरुचि रही है। बकौल आजाद सिंह, उनकी प्राइमरी शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल से हुई। जबकि






इंटरमीडिएट बरवाला के स्कूल और एमएसएसी(भूगोल) में राजकीय कालेज हिसार से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने जाट कालेज से बीएड की डिग्री हासिल की। बीएड के आधार पर आजाद एक शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए और फिलहाल वे पनिहारी के प्राइमरी स्कूल में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। उनकी कला का यह सफर 1988 से शुरू हुआ, लेकिन 1990 में यह सफर राजकीय महाविद्यालय हिसार में उड़ान भरता नजर आने लगा, जहां उनके गुरु प्रो. प्रोफेसर गुगनराम गोदारा ने उन्हें हास्य कला के लिए बेहद प्रोत्साहित किया है और उनके मार्गदर्शन एवं सानिध्य में ही 'हरियाणवी नाटक, मंच संचालन, हरियाणवी हास्य में विशेषकर चुटकलों में भाग लिया। उनका कहना है कि शुरुआती दौर में उन्होंने परिवार को बिना बताये डरते-डरते लोक कला क्षेत्र कदम रखा, लेकिन धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य हो गया। 1993 में वह बिना बताए घर से नैनीताल कैंप में भाग लेने के लिए गये। उन्होंने फिल्म ऐपरिशियेशन वर्कशाप में भाग लेकर अभिनय की बारीकियां सीखी और इसी साल राष्ट्रीय यूथ लिडरसीप कैम्प नैनीताल में सर्वश्रेष्ठ कैम्पर का पुरुस्कार हासिल किया। हालांकि इससे पहले उन्होंने साल 1988 में दसवीं कक्षा के दौरान विद्यालय स्तर पर राजकीय उच्च विद्यालय बरवाला में पहली बार मंच से कविता सुनाई थी। उसके बाद युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लिए लिया और यह युवा संसंद पूरे राज्य में प्रथम आई, जिसमें उन्होंने लोकसभा महासचिव के किरदार की भूमिका निभाई। आज वह एक रेडियो कलाकार के रूप में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयो के सांस्कृतिक निर्णायक मंडल में भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मंचों पर उनकी हास्य व्यंग्य प्रस्तुति का मूल उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार एवं हरियाणवी संस्कृति एवं प्रकृति को बढ़ाना है। हरियाणवी हास्य नाटिका के मंच से लगातार पांच वर्ष तक हरियाणा दिवस पर चुटकुले सुनाने में प्रथम रहा। इस उपलब्धि को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा साल 1995 में उन्हें चुटकुला सम्राट के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने सातवें राष्ट्रीय युवा उत्सव का भी संचालन किया। यही नहीं, उन्होंने लगातार पांच साल तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक एवं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में राज्य स्तरीय चुटकुला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।आधुनिक युग में लोक कला और संस्कृति के सामने चुनौतियों को लेकर आजाद सिंह दूहन का कहना है कि इस इंटरनेट के युग में अभिनय, कला एवं संस्कृति संगीत बदलाव के दौर में है। वह संस्कृति एवं संगीत में अच्छे बदलाव के समर्थक हैं।

### सम्मान और पुरस्कार

हरियाणा सरकार से चुटकुला सम्राट पुरस्कार और हरियाणा गौरव पुरस्कार से अलंकृत आजाद सिंह दूहन को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रत्नावली हरियाणवी संस्कृति पुरस्कार भी मिल चुका है। वहीं कुरुक्षेत्र विविद्यालय में दूहन को सर्वश्रेष्ठ एक्टर के पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अशोका सांस्कृतिक अवार्ड भी दिया जा चुका है। हरियाणवी संस्कृति उपलब्धियां के आधार पर राज्य संस्कृति पुरस्कार और राष्ट्रीय स्तर पर अशोका सांस्कृतिक अवार्ड से भी उन्हें नवाजा जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### बैडमिंटन चैंपियनशिप 8 से 11 सितंबर तक ऊना में

**रोहतक।** हरियाणा की महिला एवं पुरुष बैडमिंटन टीम और अंडर-19 (लड़के व लड़कियां) की टीम हिमाचल प्रदेश के ऊना में 8 से 11 सितंबर 2025 तक आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप और इंडिविजुअल गेम्स में भाग लेगी। यह जानकारी हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार सिंघानिया ने दी। इनके कोच रवि सिंगला हैं। महासचिव ने बताया कि लगातार पिछले तीन वर्षों से नेशनल वीमेन सिंगल का ख़िताब हरियाणा के नाम रहा है। इसके अलावा पिछले साल नेशनल चैंपियनशिप और नेशनल गेम्स में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की महिला बैडमिंटन टीम अव्वल रही।

### श्रीबालाजी धाम डोभ के लिए निकली 51वीं भव्य विशाल पैदल ध्वजा यात्रा

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित श्रीबालाजी धाम डोभ के लिए रविवार को एक भव्य एवं विशाल पैदल ध्वजा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शनि देव मित्र मंडल, तेज कॉलोनी रोहतक द्वारा भक्तों के सहयोग से निकाली गई। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल, मंडल के प्रधान नवीन तनेजा और हर्षित कोचर ने बताया कि इस 51वीं ध्वजा यात्रा को विशेष रूप से भव्य स्वरूप दिया गया। यात्रा में ढोल-नगाड़े, ऊंट, घोड़े, ताशे, रथ, फूलों और गुब्बारों से सजाया गया भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहा।

### पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से आए किसानों, मजदूरों और कमेरा वर्ग के लोगों ने रविवार को खरावड़ में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व राज्यपाल स्व. चौधरी सत्यपाल मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह श्रद्धांजलि सभा मलिकों के छ गांव कारौर, कल्हावड़, गांधरा, अटायल, डाभौदा खुर्द और महाराणा के संयुक्त सौजन्य से आयोजित की गई।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा चमन ऋषि धाम की पवित्र यज्ञशाला में हवन यज्ञ से हुई।

### अनजान व्यक्ति को भूलकर भी न दें पर्सनल डिटेल

# साइबर अपराधियों से बचने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी

साइबर अपराधी ऑनलाइन लोगों को ठगने के अपना रहे है नए-नए तरीके जिन पर लगाम लगाना बेहद जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साइबर क्राइम लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जो आमजन सहित पुलिस के लिए भी चुनौती बना हुआ है। सरकार इस पर रोकथाम के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है, लेकिन इससे अपराधी तो पकड़े जा रहे हैं लेकिन क्राइम नहीं रूक रहा है। इसलिए पुलिस समय-समय पर एडवाइजरी जारी करती है। किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक डिटेल, एटीएम कार्ड नंबर, कार्ड की एक्सपायरी एवं कार्ड पर पीछे लिखे तीन डिजिट के सीवीवी नंबर को किसी के साथ शेयर न करें। रोहतक पुलिस ने साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि साइबर अपराधी अपराध करने के हर दिन नए-नए तरीके अपना रहे हैं। लोगों की जागरूकता होने से ही साइबर अपराधियों का शिकार होने से बचा जा सकता है। साइबर क्राइम लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जो आमजन सहित पुलिस के लिए भी चुनौती बना हुआ है।इसके लिए पुलिस द्वारा समय-समय पर स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों आदि पर अभियान चलाए जा रहे हैं।

#### यहां करें शिकायत

अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो बिना किसी देरी के जल्द से जल्द इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल **https://www.cyber-crime.gov.in**, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930, डायल 112व साइबर थाना रोहतक और नजदीकी पुलिस थाना/चौकी में सूचना दें।

#### इन बातों का रखे ध्यान

- ▶▶| ऑनलाइन खरीदारी करते समय चैक करें वेबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस हो न की खाली एचटीटीपी।
- ▶▶| अगर कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें।
- ▶▶| किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक डिटेल, एटीएम कार्ड नंबर,कार्ड की एक्सपायरी एवं कार्ड पर पीछे लिखे तीन डिजिट के सीवीवी नंबर को किसी के साथ शेयर न करें।
- ▶▶| किसी अपरिचित नंबर से आपके पास फोन मैसेज या व्हाट्सएप मैसेज पर कोई लिंक या फोटो आए तो उस पर क्लिक न करें।
- ▶▶| नेटवर्क को 5जी नेटवर्क में शिफ्ट करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले से सुरक्षित रहें।
- ▶▶| अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की फोटो को सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीपी (**Display Picture**) के रूप में प्रयोग कर पैसो की मांग कर धोखाधडी कर रहे हैं उनसे सावधान रहें।

# राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र शीला बाईपास की ओर से राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस विशाल रक्तदान शिविर का उद्घाटन रिबन काटकर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीजीआई डायरेक्टर डॉक्टर एस के सिंघल, महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी जूना अखाड़ा, राष्ट्र देवो भव मिशन के अध्यक्ष संत सुखाराम महाराज, डॉक्टर एसपी चुघ रिटायर्ड सीएमओ सिविल अस्पताल, सेवा केंद्र प्रभारी बी के रक्षा दीदी, बीके वंदना दीदी, बीके वासुदेव भाई उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से चार दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया तथा ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा 22 अगस्त से 25 अगस्त तक एक लाख यूनिट ब्लड एकत्रित करने का टारगेट रखा। इस अवसर पर रक्तदान करने के लिए सभी में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान में आए हुए सभी मेहमानों ने रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया तथा उन्हें मेडल, सर्टिफिकेट ,बैज ,गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर राजेश जैन ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा चलाए जा रहे रक्तदान अभियान की प्रशंसा की। डॉक्टर एस के सिंघल ने कहा कि यह संस्था समय प्रति समय समाज को प्रेरित करने वाले सराहनीय कार्य करते रहती है जैसे कि नशा मुक्ति अभियान। उन्होंने कहा हमारी एक-एक रक्त की बूंद बहुत महत्वपूर्ण है।

## रुपया चौक जय मां गायत्री यज्ञशाला में किया हवन



**रोहतक।** श्री हरिहर धाम ट्रस्ट द्वारा रोहतक जय मां गायत्री यज्ञशाला में हवन का आयोजन किया गया। रविवार को होने वाले हवन में भगवान परशुराम सेवा संघ व गायत्री परिवार के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र द्वारा विषेश हवन किया गया। आसपास के सभी व्यक्तियों, जाखौदा से पहुंचे टीचर बच्चों ने हवन का महत्व जाना। प्रधान वीएस कौशिक ने गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार तपोभूमि की प्रशंसा की। संस्कृति ज्ञान परीक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार जागृत करने के लिए सनातन धर्म में बहुत व्यवस्थाएं हैं, उनमें से हवन एक उत्तम माध्यम है। हवन से समस्त जीव कल्याण की कामना की जाती है और वातावरण भी शुद्ध होता है। इस अवसर पर प्रमोद कौशिक, गिरीशा, रेनू दीपशिखा भव्या, सतीश शर्मा, रमेश पांचाल, सतीश सुनेजा, पूर्णचंद, सत्यनारायण ,ताराचंद, अनिल, भगवान दास शर्मा आदि ने सहयोग किया।

## भगवतीपुर में राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा के सुपुत्र अश्वनी जांगड़ा ने किया विश्वकर्मा भवन का शिलान्यास

- सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने सांसद निधि से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भगवतीपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा के सुपुत्र अश्वनी जांगड़ा ने विश्वकर्मा भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद ने भवन निर्माण के लिए अपनी सांसद निधि से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।अपने संबोधन में अश्वनी जांगड़ा ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश विश्वकर्मा पंचाल समाज अध्यक्ष एवं मनोनीत पार्षद ने कहा कि 1500 गज भूमि में बनने वाला यह भवन समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा। उन्होंने सांसद जांगड़ा और अश्वनी जांगड़ा का आभार प्रकट किया। रमेश बोहर ने जानकारी दी कि आगामी 17 सितम्बर को रोहतक स्थित नई अनाज मंडी प्रांगण में भगवान विश्वकर्मा जयंती का प्रादेशिक कार्यक्रम भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

# माता धनपति देवी ट्रस्ट ने वार्षिक उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि साहिल अग्रवाल,पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सुरेंद्र जैन व अन्य माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का 15 वा वार्षिक उत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह संस्था के सेठ बिमल प्रसाद जैन मेमोरियल हाल में महामंडलेश्वर डॉ स्वामी परमानंद महाराज एवम् महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज के सानिध्य मे बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि साहिल अग्रवाल, अध्यक्ष मनमोहन गोयल, अति विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र जैन ने शिरकत की। समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप मे कैलाश चंद जैन, विजय मित्तल व मुकेश मंगल ने समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह की शुरुआत विराजमान अतिथीयो ने दीप प्रज्ज्वलन व श्री गणेश की आरती से की। इस अवसर पर ट्रस्ट के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मेहमानों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। ट्रस्ट के प्रधान नरेश जैन ने स्वागत स्पीच दी। संयोजक पवन गोयल ने ट्रस्ट की प्रगति रिपोर्ट एवं बजट रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समारोह मे ट्रस्ट द्वारा विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर व ब्राउज मेडल देकर सम्मानित किया। ट्रस्ट ने प्रत्येक क्लास से होनहार प्रथम व सेकंड रैंक विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। समारोह के अध्यक्ष मनमोहन गोयल ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि यह ट्रस्ट समाज में एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है तथा इन बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मनमोहन गोयल ने अपने निजी कोष से ट्रस्ट की हर संभव सहायता करने की घोषणा की तथा कहा कि ऐसे ही ट्रस्ट प्रगति करता रहे। ट्रस्ट चेयरमैन हरी प्रकाश गुप्ता ने समारोह मे शिरकत हुए सभी

# प्रशिक्षण शिविर: परिवर्तन उपदेश से नहीं आचरण से आता : हरिओम भाली

- रेणु डाबला ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याण नीतियां व अमित सिंधु ने मन की बात पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका की प्रेरणा से सुनारियां मंडल का एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग करौंथा में सम्पन्न हुआ। कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस वर्ग को न केवल सफल बनाया बल्कि प्रभाव छोड़ने वाला बताया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के पितृ संगठन व वैचारिक स्रोत आरएसएस के शताब्दी वर्ष में प्रवेश पर प्रतिपादित पंच परिवर्तन पर भी व्याख्यान हुआ। व्याख्यान के लिए मुख्य वक्ता के रूप में पधारे वरिष्ठ भाजपा नेता हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि परिवर्तन उपदेश से नहीं, आचरण से आता है। उन्होंने चाणक्य का उदाहरण देते हुए बताया कि चाणक्य ने विदेशी आगन्तुक के मिलने आने पर राजसी दीपक को बुझा दिया जबकि व्यक्तिगत दीपक को जलाकर उनसे बातचीत प्रारंभ की। इस पर विदेशी बहुत प्रभावित हुआ। उन्होंने आगे बताया कि पंच परिवर्तन के सिद्धांत स्वयंसेवक/कार्यकर्ता के जीवन को न केवल ऊपर उठाते हैं अपितु समाज में परिवर्तन के लक्ष्यों को पूरा करते हैं।श्रद्धांजलि दी व सदन ने दो मिनट का मौन रखा। मंडल अध्यक्ष व जिला पार्षद दिनेश धनखड़ ने सबका आभार भी व्यक्त व सबको सफल आयोजन की बधाई भी दी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक, पूर्व पार्षद राजेश बलियाणा, मंडल महामंत्री राकेश भारद्वाज व राजबीर जांगड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप बुधवार, जितेन्द्र शर्मा, सरपंच करौंथा अरविंद धनखड़, रौशन मायना, राज कारौर, महताब, काला मायना, राजेन्द्र पहरावर, कृष्ण पाल गुर्जर, प्रदीप पांचाल, राजकपूर नोनन्द आदि रहे।



**रोहतक।** वैश्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मीटिंग के दौरान महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### अग्रसेन ट्रस्ट 21-22 सितंबर को मनाएगा जयंती

**रोहतक।** झज्जर रोड स्थित वैश्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाराजा अग्रसेन जयंती दो दिन तक धूमधाम से मनाई जाएगी और इस अवसर पर अनेक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम होंगे। 21 सितंबर सुबह एप्रोच रोड पर रक्तदान शिविर, भंडारा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। शाम को वैश्य महिला महाविद्यालय में 151 जोड़ों द्वारा हवन यज्ञ कर वातावरण शुद्धिकरण होगा 22 सितंबर सुबह 9 बजे एक ईंट एक रुपया चौक पर ध्वजारोहण होगा। इसके उपरांत महाराजा अग्रसेन नगर स्थित अग्रसेन भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह। शाम 4:00 बजे महाराजा अग्रसेन चौक पर महाआरती आयोजित होगी। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि इसके बाद वैश्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल झज्जर रोड से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा झज्जर रोड, एप्रोच रोड, अनाज मंडी, रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड, इंदिरा मार्केट, केवल गंज से होती हुई बाबरा चौक पर सम्पन्न होगी।

## देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत : मनीष ग्रोवर



- केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकार ने पिछले 10 साल में लिए ऐतिहासिक और परिवर्तनशील फैसले

रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा पिछले 10 साल में लिए गए ऐतिहासिक और परिवर्तनशील फैसलों की बदौलत आज देश व प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था है। आने वाले समय में देश दुनिया की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश होगा।

पूर्व मंत्री ग्रोवर रविवार को मॉडल टाउन स्थित सामुदायिक केंद्र के प्रांगण में डॉक्टर मंगलसेन मंडल की ओर से आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। ग्रोवर ने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार ने और हरियाणा की सरकार ने हर वर्ग के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। उन योजनाओं की जानकारी जमीनी स्तर पर पहुंच रही है, लेकिन हमारा कर्तव्य है कि हम तमाम योजनाओं का फीडबैक भी लें। ग्रोवर ने कहा कि योजनाओं का प्रचार प्रसार भी करें। वर्तमान में सोशल मीडिया के अनेक प्लेटफार्म हैं, जिनकी मदद से हम सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का फीडबैक अत्यंत जरूरी है ताकि समय के अनुसार उनमें सरकार के स्तर पर संशोधन किए भी जा सके। पिछले 10 साल में

# सत जीन्दा कल्याण महाविद्यालय के सभागार में वार्षिक बैठक जनरल हाऊस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर



**रोहतक।** कार्यक्रम में दीप जलाकर शुभारंभ करते महन्त खुशहाल दास महाराज व पूर्व राज्यसभा सांसद प्रधान शादी लाल बत्रा। *फोटो : हरिभूमि*

सत जीन्दा कल्याण महाविद्यालय में रविवार कॉलेज के सभागार में वार्षिक मीटिंग जनरल हाऊस का आयोजन किया गया। जिसमे कॉलेज के संरक्षक महन्त खुशहाल दास महाराज, पूर्व राज्यसभा सांसद व कॉलिज गवर्निंग बॉडी के प्रधान शादी लाल बत्रा, उपप्रधान बिहारी लाल मदान, महासचिव महेन्द्र कुमार खुराना व कोषाध्यक्ष गौरव जुनेजा ने शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने कॉलेज सभागार में पहुंचे गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक गायन, संगीत व नृत्य से की गई। शादी लाल बत्रा ने वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का ब्यौरा सदन सम्मुख प्रस्तुत किया जोकि सर्व सम्मति से पास हुआ तथा वर्ष 2025-26 का बजट सम्पूर्ण विवरण के साथ सदन सम्मुख प्रस्तुत किया जिसे सदन ने पास कर दिया। सभी सदस्यों ने बजट घाटा पूरा करने के लिए अपना भरपूर सहयोग करने का संकल्प लिया। शादी लाल बतरा ने कहा कि ग्रामीण आंचल मे बसे महाविद्यालय के माध्यम से नारी का उत्थान होगा व नारी शिक्षा को परिपूर्ण किया जाएगा अगर नारी शिक्षित होगी तो पूरे इलाके का विकास होगा। कॉलेज सत्र 1971 से गुरूओं के सहयोग, समर्थन व आशीर्वाद से नई ऊचाईयों को छू रहा है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930
HARTRON SKILL CENTRE
NCVET Recognised
हारट्रोन से जुड़ने का सही समय यही है
Hartron Courses Are Aligned With NSQF
हारट्रोन से कंप्यूटर कोर्स करने के बाद SETC (Part-1) से छुट प्राप्त है
Website : www.hartron-rohtak.com

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS
GNM 3 YEARS
JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT
HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT
Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA
BCA - MCA
BBA - MBA
B. COM - M. COM
LLB - LLM
& many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

# खबर संक्षेप

## भैणी महाराजपुर में मिट्टी डालकर पुलिया की बंद

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव भैणी महाराजपुर में एनएच 9 के साथ लगती एक पुलिया को कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। जिस वजह से गांव के पानी की निकासी का काम ठप हो गया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में महम थाने में शिकायत दी है। गांव के पूर्व सरपंच शैलेंद्र धत्तरवाल, ग्रामीण अजमेर, बारू, रामप्रसाद, राज सिंह, राजेश, बलवान, सत्यवान, सेवा और बलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पानी निकासी बंद हो जाने से बरसाती पानी उनके घरों में घुस गया है। जिस वजह से उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने वह वीडियो भी पुलिस को दी है, जिसमें कुछ लोग पुलिया बंद करवा रहे हैं। जिसके कारण निकासी बंद हो गई।



## पोती के जन्मदिन पर किया पोधरोपण

**रोहतक।** सुभाष नगर रिहायशी वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने ज्ञान गिरधर एवं सुभाष गिरधर की पोती देविका के जन्म पर पेड़ लगाओ पुण्य कमाओ अभियान के तहत नीम का पौधा लगाया। वरिष्ठ सदस्य नरेश डंग ने बुजुर्ग मातृशक्ति राज हुड्डा व सरोज मक्कड़ को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। समाजसेवी जसबीर कुमार, प्रधान सेवक प्रवीन सहगल, शैलेन्द्र शर्मा, नरेश डंग, सुभाष गिरधर, अश्विनी पाहवा, पंकज कत्याल, राज हुड्डा, वीना सहगल, चन्द्र कांता,सरोज मक्कड़, बलजीत व बालिकाओं ने सहयोग किया।

## डेमोंस्ट्रेशन कार्यशाला में छात्रों ने लिया भाग



**रोहतक।** उपायुक्त एवं घुसकानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के अध्यक्ष सचिन गुप्ता के मार्गदर्शन में जवाहर नवोदय विद्यालय में विज्ञान सर्कल (पीएम श्री गतिविधि) के अंतर्गत एक डेमोंस्ट्रेशन आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन बीएनवी अन्वेषिका के समन्वयक मुकुल राठी द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को भौतिकी के सिद्धांतों एवं नियमों को प्रत्यक्ष प्रयोगों के माध्यम से समझाना था। प्रातःकालीन सत्र में छात्रों ने रगडक़र आवेश उत्पन्न करना, चुंबक के आकर्षण एवं प्रतिकर्षण की प्रक्रिया, चुंबक बनाना, विद्युत प्रवाही तार पर चुंबकीय बल, चुंबकीय गति से विद्युत उत्पादन करना सिखाया।

# बेटी मनीषा के शरीर में जहर के अंश मिले, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे: जांगड़ा

■ मुख्यमंत्री नायब सैनी खुद इस मामले पर नजर रखे हुए हैं। जल्द ही मामले की सच्चाई सबके सामने आ जाएगी



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा के राज्यंसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का कहना है कि मनीषा की मौत का मामला संदिग्ध बना हुआ है। यह हत्या है या आत्महत्या, इसकी जांच की जा रही है। भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी खुद इस मामले पर नजर रखे हुए हैं। जल्द ही मामले की सच्चाई सबके सामने आ जाएगी।

सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राइमरी रिपोर्ट में आया कि शरीर में जहर के कुछ अंश मिले हैं। अब वो जहर उसने खुद खाया है या उसे किसी ने खिलाया, यह जांच चल रही है। शरीर पर कुछ चोटों के निशान भी बताए जा रहे हैं, उनकी जांच भी चल रही है कि वह चोट कैसे लगी। तीनों पोस्टमॉर्टम रिपोर्टों का मिलान करके जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसा कोई मामला नहीं होता, जिसका समाधान ना हो।

### कांग्रेस की हालत खराब

रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर जैसी हो चुकी है। जहां कांग्रेस जीत जाती है, वहां ईवीएम व वोट सही होती है। जहां कांग्रेस हार जाती है वहां वोट चोरी हो गई। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा, इसलिए वह वोट मामले में शोर मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग पर चुनाव आयोग ने स्पेशल जांच के आदेश दिए हैं। अभी तक एक भी मतदाता ने यह शिकायत नहीं दी कि उसका वोट वैध था और उसका वोट कट गया। चुनाव आयोग ने 11 प्वाइंट बनाए हैं। जो उन पर भी खरा नहीं उतरता, इसका मतलब वह भारत का मतदाता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी जिस आदमी को लेकर आए थे, उसने मना कर दिया कि उसका वोट नहीं कटा। चुनाव आयोग स्वतंत्र प्रणाली है और अगर किसी को संदेह है तो वह अपना एफिडेविट चुनाव आयोग को दें।

### ...आयोग को मिलने जा रही पावर

रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग को भी एससी आयोग व महिला आयोग की तर्ज पर पॉवर देने जा रही है। विधानसभा में सरकार बिल लाने जा रही है, जो पास हो जाएगा। इसके बाद पिछड़ा वर्ग आयोग भी खुद संज्ञान लेकर कार्रवाई कर सकता है। आयोग को पॉवर मिलने से ओबीसी वर्ग को लाभ पहुंचेगा।

# धन और संसाधनों की कमी नहीं सफाई पर फोकस करें अधिकारी

## उपायुक्त ने नगर निगम आयुक्त के साथ नगर के अलग-अलग स्थानों का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक







उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए दो-टूक शब्दों में कहा है कि शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वच्छता नजर आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के कार्य के लिए धन व संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में स्वच्छता, पेयजल, सीवरेज व सडक़ आदि विषय को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

सचिन गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों सहित सभी आईएएस व एचसीएस अधिकारी फील्ड में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के वार्ड व गांव का लगातार दौरा करेंगे, जिस भी स्थान पर कचरा नजर आएगा अथवा सड़क पर गड्ढे नजर आएंगे तो इसके फोटोग्राफ लेकर संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप पर डालेंगे और समस्या का समाधान होने के उपरांत वाली फोटो भी ग्रुप पर डाली जाएगी।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि संबंधित विभागों की क्रियान्वयन एजेंसियों को कार्य करने के उपरांत फीडबैक देनी होगी। उन्होंने कहा कि अगर कार्य ठीक ढंग से नहीं होता है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी की सफलता मानी जाएगी। स्वच्छता के मामले में बदलाव नजर आना चाहिए। उन्होंने सडक़ों की मरम्मत की तकनीक के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने पुनः दोहराया कि स्वच्छता के मामले में विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें। एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालने से परहेज करें। सभी एजेंसियों को कार्य के क्रियान्वयन पर फोकस करना होगा। बैठक के उपरांत उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नगर निगम के आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा के साथ नगर के अलग-अलग स्थानों का दौरा करके सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने कहा कि लोगों की जुबान पर बात आनी चाहिए कि स्वच्छता के मामले में रोहतक अग्रणी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता किसी भी विभाग विशेष का कार्य न होकर सामूहिक कार्य है ।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के एसडीएम उत्सव आनंद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार, चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग, जीएम रोडवेज विपिन कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, सचिव आरटीए विरेंद्र ढुल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन, वेस्ट को बेस्ट बनाने के गुर सिखाए



**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा विभाग की विभागाध्यक्ष दीपांजलि दयाल व डॉ. विश्वजीत सिंह व प्रवेश कुमार द्वारा तीन दिवसीय 22 से 24 अगस्त वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उन्होंने कॉलेज की छात्राओं को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट से किस प्रकार से रूप से वस्तुएं बनाई जाए, के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इस वर्कशॉप में टूटे हुए स्टूल पर टूटी हुई टाइलों मुजाइक बनाया है। वॉल हैंगिंग में वेस्ट कपड़ों से मछली बनाई गई व आकर्षक वॉल हैंगिंग तैयार करवाई गई है। पुराने टायर से बैठने की कुर्सी व टेबल तैयार की जा रही हैं। पुराने टायरों को पेंट करके प्लांटर बनाया जा रहा है। गुब्बारे से मुखौटा तैयार किया गया व तारों द्वारा आकर्षक डिजाइन व आकृतियां बनाई गई है। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में पराली व पेपर से हिरण बनाया गया है।

## राजयोगिनीं दादी प्रकाश मणी की 18 वीं पुण्यतिथि पर 100 लोगों ने किया रक्तदान



**सांपला।** ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की शाखा द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस व राजयोगिनीं दादी प्रकाश मणी की 18 वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें करीब 100 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ शारदा , डॉ बीके दुर्गेश व बीजेपी मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ युवा को रक्त दान करना चाहिए। हमें निस्वार्थ होकर मानव सेवा करनी चाहिए। शाखा संचालक ललीत कुमार ने बताया कि सुभाष सिंघल, देवा ओहलायन ,मनोज धमीजा, मास्टर कृष्ण लाल, डॉ सुरेश राठी, मास्टर रामकुमार, जयसिंह, नरेश दहिया आदि का सहयोग रहा।

# कटेसरा में आमजन को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला पुलिस द्वारा गांव कटेसरा में आमजन को नशे के खिलाफ जागरुक किया गया। थाना कलानौर निरीक्षक सुलेन्द्र व एएसआई मोहन के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने आमजन को नशे से होने वाली हानि के बारे में जानकारी दी। एएसआई मोहन ने कहा कि इस अभियान के तहत फैल रहे नशे को रोकना है। नशा ज्यादातर 40 से कम उम्रके लोगों में ज्यादा तेजी से फैल रहा है।

नशा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक व आर्थिक रुप सेकमजोर करता है और अपराधों को जन्म देता है। नशामुक्ति के लिए पुलिस का सहयोग करे। खुद भी नशे सेदूर रहे व अपने परिवार, साथी व आस पास के युवाओं को नशे से दूर रहने बारे प्रेरेती करे। आगे उन्होंने कहा कि जो लोग नशा छोड़ने चाहते हैं उनको काउंसलिंग की सुविधा डॉक्टरों के माध्यम से तथा नशा मुक्ति केंद्र पीजीआईएमएस की मदद से उनकी लत छुड़ाने का प्रयास करेंगें। इस दौरान आमजन को साइबर अपराध व महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके आस-पास कहीं पर भी कोई नशा बेचता है तो आप उसकी सूचना डायल 112 पर दें। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा।



## रोहिल्ला समाज की महिलाओं ने दादी सती रानी की स्मृति में निकाली कलशयात्रा

**महम।** कस्बा महम में रोहिल्ला समाज की महिलाओं द्वारा दादी सती रानी की याद में एक कलश यात्रा निकाली गई। दादी सती रानी महिला मंडली द्वारा आयोजित इस प्रथम कलश यात्रा ने धार्मिक आस्था, सामाजिक समर्पण और संगठनात्मक एकता का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। यह कलश यात्रा संत नामदेव रोहिल्ला धर्मशाला से शुरू हुई और इसका समापन दादी सती रानी मंदिर में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक सौहार्द की नई ऊंचाइयाँ मिलीं। कलश यात्रा का स्वागत कार्यक्रम संत नामदेव रोहिल्ला धर्मशाला में किया गया। दादी सती रानी मंदिर महिला मंडली ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कलश यात्रा में गीता रानी रोहिल्ला द्वारा कलश उठाने वाली महिलाओं को चुन्नी वितरण किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव रहा, बल्कि समाज की एकता, सेवा भावना और संगठनात्मक शक्ति का जीवंत उदाहरण भी बना। भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# सहकारी व निजी बस संचालक बैठक में नहीं चुन पाए प्रधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारी परिवहन समिति व निजी बस संचालक एसोसिएशन की मीटिंग पूर्व चेयरमैन धर्मदेव कुंडू की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में बस संचालकों ने जिला प्रधान चुनने के अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की।

निवर्तमान प्रधान बिजेन्द्र शर्मा बहलबा ने बताया कि मीटिंग में जिला प्रधान पद के लिए दो से तीन बस ऑपरेटरों/व्यक्तियों ने अपनी दावेदारी पेश की। लेकिन मीटिंग कई बाहरी हस्ताक्षेप और किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की संभावना की वजह से जिला प्रधान का चुनाव आगामी मीटिंग तक स्थगित करते हुए इसके लिए फिर से मीटिंग बुलाने पर सहमति बनी। मीटिंग में बस संचालक प्रेम सिंह, पूर्व प्रधान हरीश कौशिक, जगदीश, श्री कृष्ण, वेदपाल, राजेश वशिष्ठ, राजेश, हंस राज, सतीश, संदीप, बबरा, रणबीर, गौरव, सतीश कुमार, नरेश कुमार, अनुज राठी, प्रदीप, सतपाल, रणबीर, कुलदीप, रविन्द्र, अनूप, नीरज, वीरेन्द्र व नरेन्द्र सहित कई अन्य बस आपरेटर मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**बैठक** — प्रधान हेमन्त बख्शी ने बुलाई आपात बैठक

# सोने व चांदी के दामों ने सर्राफा व्यापारियों के उड़ाए होश, सर्राफा एसो. ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक







गोल्ड स्मिथ एण्ड ज्वैलर्स एसोसिएशन व महाराजा अजमीढ़ स्वर्णकार संघ के संयुक्त तत्वाधान में रेलवे रोड जैन धर्मशाला में सोना चांदी का काम करने वाले सर्राफा व्यापारियों व स्वर्णकार बंधुओं की एक आपात बैठक बुलाई गई। बैठक का नेतृत्व संस्था के प्रधान हेमन्त बख्शी व जगदीश वर्मा द्वारा किया गया, वहीं बैठक की अध्यक्षता महेंद्र मोहन भल्ला द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सोने चांदी के बढ़ते हुए दामों से होने वाले नुकसान को बचाना व आए दिन बाजार में सोना चांदी के जेवरात बनाने वाले कारीगरों का काम छोड़ कर अचानक शहर छोड़ कर भागने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगना रहा। संस्था के प्रधान हेमन्त बख्शी ने कहा कि सोने चांदी के बेतहाशा बढ़ते भाव ने व्यापार को बड़ा ही मुश्किल बना दिया है।

उन्होंने कहा कि पिछले 20, 25 सालों के रिकॉर्ड को देखते हुए एक साल के दौरान सोने के दामों में 12 से 15 % की बढ़ोतरी होना तो समझ आता था। ऐसे में व्यापारी को भाव की बुकिंग के दौरान भाव की बढ़ोतरी से होने वाले नुकसान से बचने का मौका तो मिल जाता था मगर मौजूदा परिस्थितियों में जिस तरह से पिछले 5, 6 महीनों में सोने चांदी के दामों में 30 से 35 % की वृद्धि हुई है उससे होने वाले नुकसान ने सोना चांदी के बड़े से बड़े और छोटे से छोटे व्यापारी को नुकसान की गिरफ्त में ले लिया है। बैठक में मौजूद शहर के सभी प्रतिष्ठित सर्राफा व्यापारियों से आपसी विचार विमर्श करने के पश्चात यही हल निकाला गया कि ऑर्डर के दौरान जो भी ग्राहक जितना पैसा दुकानदार को जमा करवाएगा उसका भाव उतनी ही रकम का काट दिया जाएगा।

इसके इलावा सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा को देखते हुए हेमंत बख्शी ने कहा कि हरियाणा में आए दिन व्यापारियों से हो रही लूट और डकैती की घटनाओं को देखते हुए जल्द पुलिस के आला अधिकारियों से बातचीत कर उनके शास्त्र लाइसेंस बनवाए जाने की सिफारिश की जाएगी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

मीटिंग में मुख्य रूप से संस्था के सरपरस्त संत लाल वर्मा , सोम नाथ मेहता , महासचिव रवि वर्मा , खजांची विनोद गोयल , वरिष्ठ उपप्रधान सुमेर चन्द वर्मा , जोगेंद्र वर्मा , नितिन वर्मा , उपप्रधान अनिल सहगल , गौतम जैन , मनीष मेहता , श्री किशन सेरिया , सचिव अजय मल्होत्रा , सुनील वर्मा , मुख्य सलाहकार सौरभ बुट्टन , हरि ओम गुप्ता , सतबीर वर्मा ,सागर चंद सुमेर चन्द , रमेश भोला , श्याम सहगल , शादी लाल सहगल , रमेश मल्होत्रा , ऋषि वर्मा , संजय वर्मा , जय किशन मराठा , राकेश कपूर , संदीप सहगल, रवि सहगल , विपुल आहूजा , सतपाल वर्मा , योगेश वर्मा , राज कुमार वर्मा , प्रवीण बंसल , जगदीश वर्मा ,गोपाल चोपड़ा ,सुभाष सोनी, अनिल कपूर , दिनेश चोपड़ा आदि शव्यापारी व कारीगर मौजूद थे।



## इंडियन मेडिकल एसो. एवं आयुष्मान भारत से जुड़े 35 निजी अस्पतालों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

■ रोहतक के सभी प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों के उपचार पर रोग लगाई गई

**रोहतक।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं आयुष्मान भारत से जुड़े 35 निजी अस्पतालों ने एक ज्ञापन विधायक भारत भूषण बत्रा को सौंपा। आईएमए द्वारा ज्ञापन में राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा योजना के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया गया है। विधायक ने मामले में आवाज उठाने का आश्वासन दिया है। आईएमए के बैनर तले रोहतक के सभी प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों के उपचार पर रोग लगाई गई है। सरकार द्वारा उपचार का भुगतान नहीं करने पर ऐसा फैसला लिया गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रोहतक की अध्यक्ष डॉ आरती साहू, सचिव अर्जुन नरूला एवं पैटर्न डॉ एसएल वर्मा ने विधायक भारत भूषण पत्र से मुलाकात कर उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। डॉ साहू ने कहा कि भुगतान में देरी, मनमाने कटौतियां और अस्पतालों के साथ की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्रवाई बेहद चिंताजनक है, क्योंकि इनका सीधा असर उन हजारों गरीब मरीजों पर पड़ रहा है जो इस योजना पर अपनी ज़िंदगी बचाने वाले इलाज के लिए निर्भर हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत के तहत हो रही इलाज के बिलों के भुगतान का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि विधायक मानसून सत्र में उनकी मांगों को सरकार के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत हो रही भुगतान में देरी से अस्पताल भी प्रभावित हो रहे हैं। भुगतान में देरी की वजह से हजारों मरीज भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि वे रोहतक के डॉक्टरों की न्याय संगत मांगों का समर्थन करते हैं। वे इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे ताकि गरीबों को इलाज में कोई दिक्कत ना हो और सुधारात्मक कदम उठाए जा सके ।